


① हिंदी कार्यशाला - उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथिगण, वैज्ञानिक अधिकारीगण एवं हिंदी अनुभाग के पदाधिकारीगण। ② परमाणु विज्ञान प्रकाशन समिति - डॉ. ए.के. दुरेजा, सह निदेशक, के.एम.जी. की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यगण। ③ राजभाषा आंतरिक निरीक्षण - लेखा प्रभाग की समीक्षा बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, एस.आई.आर.डी., संयुक्त नियंत्रक (वित्त एवं लेखा), निरीक्षण समिति के सदस्यगण और लेखा प्रभाग के अधिकारीगण। ④ परमाणु विज्ञान प्रकाशन समिति - डॉ. ए.के. दुरेजा, सह निदेशक, के.एम.जी. की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्यगण।

भाभा परमाणु अनुसंधान(भा.प.अ.) केंद्र, मुंबई में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के अंतर्गत मई - जून, 2026 के दौरान निम्नवत गतिविधियां आयोजित की गईं :-

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक** - दिनांक 29 जून, 2026 को निदेशक, भा.प.अ. केंद्र की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति (OLIC) की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में, जनवरी-मार्च, 2026 की तिमाही के दौरान केंद्र में राजभाषा के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा की गई, कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया और तदनुसार, निर्णय लिए गए।

**'परमाणु विज्ञान' पत्रिका प्रकाशन समिति की बैठकें** - डॉ. आदर्श कुमार दुरेजा, सह निदेशक, ज्ञान प्रबंधन वर्ग की अध्यक्षता में, केंद्र की हिंदी वैज्ञानिक पत्रिका 'परमाणु विज्ञान' के द्वितीय अंक के प्रकाशनार्थ "संपादकीय समिति" की बैठकें क्रमशः दिनांक 13/05/2026 और दिनांक 01/06/2026 को आयोजित की गईं। इन बैठकों में केंद्र और परमाणु ऊर्जा विभाग(प.ऊ.वि.) की विभिन्न इकाइयों से प्राप्त लेखों पर चर्चा कर पत्रिका के विषयगत संतुलन को बनाए रखने के अंतर्गत लेखों को अनंतिम रूप से सूचीबद्ध किया गया।

**आंतरिक राजभाषा निरीक्षणोपरांत समीक्षा बैठकें** - श्री मनोज सिंह, अध्यक्ष, एसआईआरडी एवं अध्यक्ष, आंतरिक राजभाषा निरीक्षण समिति, भा.प.अ. केंद्र की अध्यक्षता में गठित आंतरिक राजभाषा निरीक्षण समितियों (04) द्वारा प्रशासन, लेखा एवं सुरक्षा प्रभागों के कुल 67 अनुभागों में हिंदी के कार्यान्वयन की स्थिति का प्रत्यक्ष जायज़ा लिया गया। तदोपरांत, दिनांक 22/05/2025 को मुख्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में सुरक्षा प्रभाग के अधिकारियों के साथ और दिनांक 25/05/2026 को संयुक्त नियंत्रक (वित्त एवं लेखा) के नेतृत्व में लेखा प्रभाग के अधिकारियों के साथ उनके प्रभागों में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में सुधारात्मक उपाय किए जाने पर चर्चा की गई। समीक्षा बैठकों के पश्चात, भा.प.अ. केंद्र में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निरीक्षण समितियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों के आधार पर संबंधित प्रभागों को अनुपालन रिपोर्ट प्रेषित की गईं।

**हिंदी कार्यशाला का आयोजन** - दिनांक 12/06/2026 को केंद्र में विभिन्न प्रभागों में कार्यरत वैज्ञानिक अधिकारियों के लिए एक पूर्ण दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भाग लेने वाले 38 वैज्ञानिक अधिकारियों को संघ सरकार की राजभाषा नीति/नियम के अतिरिक्त, अभ्यास सहित हिंदी में टिप्पण एवं आलेखन, कंप्यूटर पर हिंदी टंकण, प.ऊ.वि. की प्रोत्साहन योजना (अटॉलिस) और केंद्रीय कर्मचारियों हेतु 'आचरण नियमावली' आदि विषयों की जानकारी प्रदान की गई।

**नराकास बैठक में भापअ केंद्र का प्रतिनिधित्व** - दिनांक 17 जून, 2026 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), नवी मुंबई की छमाही बैठक में, श्री डी. श्रीनिवास राव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और श्री सैयद इरफान अली, उप निदेशक (राजभाषा) ने केंद्र की ओर से प्रतिनिधित्व किया।

**नराकास, ठाणे की प्रतियोगिता मे केंद्र से प्रतिभागिता** - केंद्र में राजभाषा के प्रचार-प्रसार के अंतर्गत नराकास, ठाणे द्वारा आयोजित हिंदी निबंध प्रतियोगिता जिसका विषय "संयुक्त परिवार" में भाग लेने हेतु भा.प.अ. केंद्र के पदाधिकारियों को प्रोत्साहित किया गया।